देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 171 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**विवादों पर अड़ियल रुख



देहरादून, शुक्रवार, 8 अक्टूबर 2021

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 27.0° न्यूनतम 24.0° | 39243.41 | 2 अफगानिस्तान को निगल नहीं सकते | 7 पक्का नहीं है आईपीएल 2022 खेल पाऊंगा

# उत्तराखण्ड आना सौभाग्यः पीएम

## प्रधानमंत्री ने राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के 35 पीएसए ऑक्सीजन संयंत्रों को किया समर्पित

संवाददाता

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देवभूमि उत्तराखंड में गंगा की धरती तीर्थनगरी से देश के देश के 27 राज्यों का आठ केंद्र शासित प्रदेशों में पीएम केयर्स फंड से स्थापित 35 पीएसए आक्सीजन प्लांट जनता को समर्पित किए। उन्होंने कहा मेडिकल आक्सीजन उत्पादन के क्षेत्र में भारत ने बड़ा लक्ष्य हासिल किया है। भविष्य में मेडिकल आक्सीजन को लेकर हम सक्षम राष्ट्र बन जाएंगे।

गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश पहुंचे। उन्होंने यहां से पीएम केयर्स फंड से स्थापित किए गए पीएसए आक्सीजन प्लांट का रिमोट दबाकर लोकार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड से उनका गहरा नाता है। इस

**कोविड से लड़ाई में केंद्र का मिला पूरा सहयोगः सीएम**

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड चारधाम की भूमि तो है ही ये वीर भूमि भी है, जिसे प्रधानमंत्री ने सैन्यधाम की संज्ञा भी दी है। उत्तराखण्ड की इस भूमि से प्रधानमंत्री का विशेष स्नेह किसी से छुपा नहीं है। केदारनाथ की त्रासदी के समय मोदी जी गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब भी वह उत्तराखंड की जनता के लिए पूर्ण रूपेण साथ खड़े थे।

देवभूमि ने उनके जीवन की धारा को बदलने का काम किया। इस भूमि से मेरा मर्म, कर्म, सत्व व तत्व का नाता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2000 में उत्तराखंड का गठन हुआ था, इसके कुछ माह



बाद ही देवभूमि तथा बाबा केदार के आशीर्वाद से उन्हें गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में सेवा का मौका मिला। आज सेवा के इस सफर का 21वें वर्ष में प्रवेश हो गया है। इस मौके पर वह देवभूमि में है इससे बड़ा सौभाग्य कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि विश्वव्यापी कोरोना महामारी से निपटना भारत के लिए एक बड़ी चुनौती थी।

जनसंख्या के अलावा यहां की

**सरकार का लक्ष्य देश के हर जिले में हो मेडिकल कॉलेज**

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज सरकार इस बात का इंतजार नहीं करती कि नागरिक उसके पास अपनी समस्याएं लेकर आएंगे तब कोई कदम उठाएंगे। सरकारी माइंडसेट और सिस्टम से इस भ्रांति को बाहर निकाल रहे हैं। अब सरकार नागरिक के पास जाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 6–7 साल पहले तक सिर्फ कुछ राज्यों में ही एम्स की सुविधा थी, आज हर राज्य तक एम्स पहुंचाने के लिए काम हो रहा है। 6 एम्स से आगे बढ़कर 22 एम्स का सशक्त

भौगोलिक स्थिति चुनौती बनकर खड़ी थी। मगर, सरकार ने दृढ़ संकल्प के साथ काम करते हुए इस चुनौती को पार किया। हमने कोविड–19 पोर्टल के माध्यम से सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चलाकर पूरी दुनिया को एक राह दिखाई है। अब तक 93 करोड़ रोज लगाई जा चुकी है, जल्द ही हम 100 करोड़ के आंकड़े को पार कर जाएंगे। उन्होंने कहा कि आक्सीजन आपूर्ति के क्षेत्र में

जहां हम सिर्फ 900 मैट्रिक टन मेडिकल आक्सीजन का उत्पादन करते थे, वही हमने इस अकल्पनीय लक्ष्य को 10 गुना बढ़ाकर दुनिया के सामने एक मिसाल पेश की है।

उन्होंने कहा कि भारत में आक्सीजन का सबसे अधिक प्रोडक्शन पूर्वी भारत में होता था। जबकि, इसकी सबसे अधिक जरूरत उत्तर व पश्चिमी भारत में पड़ी। ऐसे में पूरब से उत्तर पश्चिम तक आक्सीजन की आपूर्ति करना एक चुनौतीपूर्ण लक्ष्य था।

**भारत ने कोरोना महामारी का डटकर किया मुकाबला**

इस अवसर पर केंद्रीय परिवार कल्याण एवं स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वैश्वक महामारी कोरोना पूरे विश्व के लिए एक चुनौती बनकर आई थी, भारत ने उसका डटकर मुकाबला किया। कोरोना से प्रभावी जंग के लिए जब दुनिया में वैक्सीन बनाने की शुरुआती गई, तब भारत ने अपने वैज्ञानिकों पर भरोसा किया। उन्हें प्रोत्साहित कर देश में ही स्वदेशी वैक्सीन का निर्माण किया गया। यही नहीं भारत में वसुधैव कुटुंबकम की भावना को केंद्र में रखते हुए दुनिया के 120 देशों को वैक्सीन देने का काम किया। करोड़ों लोगों को गरीब कल्याण अन्न योजना में खाद्य सुरक्षा दी।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कूल में दो टीचरों की आतंकियों ने गोली मारकर हत्या की

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। 90 के दशक में सूबे में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की विष बेल पैदा हुई थी और चुन–चुनकर कश्मीरी पंडितों की हत्याओं का दौर शुरू हुआ था। श्रीनगर के जाने–माने कश्मीरी पंडित माखन लाल बिंद्रू की कायराना हत्या का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि गुरुवार को श्रीनगर में ही स्कूल के भीतर दो शिक्षकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पिछले एक हफ्ते में आतंकियों ने 7 आम नागरिकों की हत्या की है।

### लड़कियों को राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कालेज की प्रवेश परीक्षा देने दें

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को केंद्र सरकार को दिसंबर में होने वाले राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कालेज में प्रवेश के लिए लड़कियों को प्रवेश परीक्षा देने की अनुमति देने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया।

# आज हिन्दुस्तान विकास की नई उचाईयों को छू रहा

## सीएम ने किया नरेंद्रनगर में 45वां सिद्धपीठ श्री कुंजापुरी पर्यटन एवं विकास मेले का उद्घाटन

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरवार को रामलीला मैदान, नरेंद्रनगर, टिहरी गढ़वाल में उत्तराखंड के प्रसिद्ध 45वां सिद्धपीठ श्री कुंजापुरी पर्यटन एवं विकास मेले का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नरेंद्रनगर हेतु विभिन्न घोषणाएं की जिनमें नरेन्द्रनगर में सामुदायिक भवन का विस्तारीकरण होगा, नरेन्द्रनगर में बस स्टैण्ड के समीप 70 वर्षीय पुरानी जीर्ण–शीर्ण डबल स्टोरी भवन का निर्माण कार्य किया जाएगा, नरेन्द्रनगर में बाजार लाईन का पुरातत्व विरासत के रूप में संरक्षण होगा, नरेन्द्रनगर में मोटा नाला पुलिस थाने के समीप पार्किंग निर्माण का कार्य होगा, राजकीय इण्टर कॉलेज बेरनी एवं ओडाडा में 04–04



अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य होगा, नगरपालिका परिषद, मुनिकीरेती–ढालवाला के अन्तर्गत स्टेडियम का निर्माण कार्य होगा, नगर पंचायत गजा में मिनी स्टेडियम का निर्माण कार्य होगा, गजा क्षेत्र के अन्तर्गत घण्टाकरण मन्दिर में विश्राम गृह का निर्माण कार्य होगा, विधानसभा क्षेत्र नरेन्द्रनगर के अन्तर्गत प्राकृतिक आपदा से नुकसान हेतु रू० 2 करोड़ दिए जाएंगे, विधानसभा क्षेत्र नरेन्द्रनगर के अन्तर्गत दोगी पट्टी में दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त

चार पर्वतीय नहरों का पुनर्निर्माण कार्य होगा ,नरेन्द्रनगर से डौर–गुजराड़ा मोटर मार्ग का नवनिर्माण कार्य होगा , काटल नौदू मोटर मार्ग का नवनिर्माण कार्य होगा व सोनी से नरेन्द्रनगर–रानीपोखरी मोटर मार्ग का नवनिर्माण कार्य किया जाएगा शामिल है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न विद्यालयों एवं विभागों द्वारा निकाली गई झांकियों का अवलोकन किया एवं कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया।

# भाजपा की 80 सदस्यीय नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी घोषित

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने अपनी नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा की है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरवार को पार्टी की 80 सदस्यीय कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर कई केंद्रीय मंत्रियों, राज्य के कई नेताओं के नाम शामिल हैं। इसके साथ ही इस सूची में लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी जैसे दिग्गजों को फिर से शामिल किया गया है। वहीं, इस सूची में वरुण गांधी और मेनका गांधी का नाम नहीं है। तीन कृषि कानूनों के खिलाफ चल रहे आंदोलन के दौरान किसानों के समर्थन में बोलने वाले भाजपा सांसद वरुण गांधी, उनकी सांसद मां मेनका गांधी और पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह को कार्यकारी सदस्य के पद से हटा दिया गया है। 80 नियमित सदस्यों के अलावा, कार्यकारिणी में 50 विशेष आमंत्रित और 179 स्थायी आमंत्रित सदस्य भी होंगे।

इस सूची में गृह मंत्री अमित शाह,

**घोषणा**

■वरुण गांधी और मेनका गांधी किए गए बाहर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, पीयूष गोयल, किरेन रिजीजू, गिरिराज सिंह, एस जयशंकर, मनोत तिवारी समेत कई नाम शामिल हैं। हर्षवर्धन, रविशंकर प्रसाद और प्रकाश जावड़ेकर जैसे पूर्व केंद्रीय मंत्री भी राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य बने हुए हैं। वहीं, इसमें नए चेहरों को भी प्रमुख्ता से जगह दी गई है। हाल ही में कैबिनेट में शामिल किए गए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, मीनाक्षी लेखी, मनसुख मंडाविया और ज्योतिरादित्य सिंधिया को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल किया गया है।

कार्यकारिणी पार्टी का एक प्रमुख विचार–विमर्श करने वाला निकाय है जो सरकार के सामने आने वाले प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करता है और संगठन के एजेंडे को आकार देता है। कोरोना महामारी के कारण लंबे समय से इसकी बैठक नहीं हुई है।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:

**Gadoli Media Ventures**

Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930

E-Mail: contact@gadoli.in

# तीन महीने सावधान रहने की जरूरत

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। देश में कोरोना और टीकाकरण की स्थिति पर स्वास्थ्य मंत्रालय की प्रेस कांफ्रेंस में संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने कहा कि देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 22,000 के करीब मामले दर्ज किए गए हैं। आज भी देश में हर रोज औसतन 20,000 के करीब मामले आ रहे हैं। पिछले हफ्ते 56 फीसद

**कोरोना के 22,000 के करीब मामले किए गए दर्ज**

कोविड मामले केरल से दर्ज किए गए हैं। 5 राज्य ऐसे हैं जहां अभी भी 10,000 से ज्यादा सक्रिय मामले बने हुए हैं।

उन्होंने कहा कि केरल में 1,22,000 के करीब सक्रिय मामले हैं। महाराष्ट्र में 36,000 के करीब सक्रिय मामले हैं। तमिलनाडु, मिजोरम और कर्नाटक में भी सक्रिय मामले अधिक संख्या में हैं। अरुणाचल प्रदेश और असम में कुछ जिलों सहित 28 जिले हैं, जिनमें पाजिटिविटी रेट 5 फीसद और 10 फीसद के बीच है यानी उच्च संक्रमण दर। 34 जिले ऐसे हैं जो 10 फीसद से अधिक की साप्ताहिक पाजिटिविटी रेट दर्ज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर के महीनों से सावधान रहने की जरूरत है।